PUBLICATION NAME :	Jan Hitaishi
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	17/11/2022
PAGE:	4

ईडीआईआई ने नेशनल सर्टिफाइड ब्लॉकचेन स्टार्टअप प्रोग्राम (ऑनलाइन) के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल और केरल ब्लॉकचैन एकेडमी के साथ सहयोग किया

अहमदाबाद, 16 नवंबर: एंटेप्रिन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टिटयूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), अहमदाबाद ने सर्टिफाइड ब्लॉकचेन स्टार्टअप प्रोग्राम ऑनलाइन लॉन्च करने के लिए डिजिटल यूनिवर्सिटी केरल (डीयूके) और केरल ब्लॉकचैन एकेडमी (केबीए) के साथ सहयोग किया है, जो भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, केरल (आईआईटीएमके) के अंतर्गत केरल सरकार की एक पहल है।

यह प्रोग्राम स्टार्टअप्स और व्यक्तियों को ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े मुद्दों, अवसरों और चुनौतियों को समझने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण प्रदान करेगा।

यह 10-दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रोग्राम ईडीआईआई और केबीए द्वारा तैयार किया गया है और इसमें चार दिनों का ब्लॉकचेन प्रशिक्षण और छह दिनों का उद्यमिता एवं प्रबंधन प्रशिक्षण शामिल है। ईडीआईआई, इस प्रोग्राम के उद्यमिता एवं प्रबंधन सत्रों को संभालेगा जबकि केबीए और डीयूके ब्लॉकचेन तकनीक से जुड़े सत्रों का ध्यान रखेंगे।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा, ठईडीआईआई ने प्रत्येक प्रोग्राम में 30 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने का प्रस्ताव दिया है ताकि वे ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपना स्टार्टअप सफलतापूर्वक शुरू कर सकें। प्रशिक्षित उद्यमियों के पास ब्लॉकचेन डोमेन में अपने स्टार्टअप स्थापित करने के लिए आवश्यक उद्यमशीलता और प्रबंधन कौशल के साथ-साथ प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी जानकारी होगी।'' डॉ शुक्ला ने कहा कि ईडीआईआई और केबीए द्वारा एक वर्ष में कम से कम पांच ऐसे प्रोग्राम चलाने की योजना है।